दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 81 मुरादाबाद 16 July 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## ज्ञानवापी मामले में अब 18 को सुनवाई: हिंदू पक्ष ने यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को घेरा, जालसाजी का लगाया आरोप



वाराणसी के ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी और अन्य ग्रहों के नियमित दर्शन पूजन मामले की पोषणीयता पर शुक्रवार को चौथे दिन भी जोरदार बहस हुई। मामले में वादी नंबर दो से पांच तक की तरफ से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णुशंकर जैन ने बहस पूरी कर ली। हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने करीब दो घंटे सिलसिलेवार तरीके से अपना पक्ष रखा। उन्होंने यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर कई आरोप लगाए। इस मामले में अब अगली सुनवाई सोमवार ( 18 ) जुलाई को होगी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में ज्ञानवापी मामले की पोषणीयता पर सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष की ओर से अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने ज्ञानवापी को वक्फ संपत्ति घोषित करने को जालसाजी और बहुत बड़ा फ्रॉड बताया। आरोप लगाया कि यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने कोर्ट और जनता को गुमराह किया। वक्फ बोर्ड सरकारी संपत्तियों को कब्जा कर रहा और हिंदू सो रहे हैं-कहा कि वक्फ बोर्ड में दर्ज 100 नंबर रजिस्ट्रेशन के बाबत कोई भी सबूत नहीं है। यह भी कहा कि वक्फ बोर्ड देश की सरकारी संपत्तियों को इसी तरह कई जगहों पर कब्जा कर रहा है और हिंदू सो रहे हैं। हरिशंकर जैन ने बहस के चौथे दिन दलील में वक्फ असेट्स मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया की बेबसाइट पर उपलब्ध विवरण का हवाला दिया और कहा कि ज्ञानवापी प्रॉपर्टी के वक्फ का नोटिफिकेशन, वक्फ रजिस्ट्रेशन तिथि, वक्फ निर्माण की तिथि, प्रॉपर्टी का खाता, खसरा, पट्टा, प्लॉट नंबर निल दिखाया गया है। पूरी प्रॉपर्टी हिंदुओं की, वक्फ एक्ट का लॉ लागू नहीं होगा- प्रॉपर्टी शहर में होने के बावजूद मंडुआडीह ग्रामीण एरिया में दर्ज बताया गया है। जिस स्थान को विशेष उपासना स्थल कानून 1991 बनने से पहले हिंदुओं का पूजा स्थल घोषित कर दिया गया उस स्थान पर यह कानून नहीं लागू होता है। धार्मिक स्वरूप के मुद्दे पर कहा कि वेद, शास्त्र, उपनिषद, स्मृति, पुराण से साबित है कि पूरी प्रॉपर्टी मंदिर की है। जबरदस्ती घुस आने से व नमाज पढ़ लेने से वो मस्जिद की संपत्ति नहीं हो जाती। कहा कि हमारे अधिकार का अतिक्रमण किया गया। 1993 से पहले ब्यास जी के तहखाने में और जगह जगह पर पूजा की जाती रही। लेकिन उसे बैरिकेडिंग कर जबरन रोक दिया गया।विश्वनाथ मंदिर एक्ट के सेक्सन 5 के तहत यह प्रॉपर्टी देवता में निहित हो गई तब विशेष धर्म उपासना स्थल कानून लागू नहीं हो सकता। दलील में कहा कि ऑर्डर 7 रूल 11 के आवेदन में जो बात कही गई है उसी पर कोर्ट विचार करेगी। इसके इतर विपक्षी जो भी बात कहेंगे उस पर विचार का कोई औचित्य नहीं है। जिन स्थलों पर पूजा करने का अधिकार विशेष धर्म उपासना स्थल एक्ट 1991 आने से पहले पूजा का अधिकार प्राप्त था उन स्थलों पर यह एक्ट प्रभावी नहीं है।

### तलवार से ज्यादा शक्ति कलम की होती है..

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि देवता की संपत्ति पर वक्फ हो ही नहीं सकता। हम चाहते है कि औरंगजेब ने जो तलवार से हासिल किया था उसे कोर्ट अपनी कलम से सही करे ताकि यह सिद्ध हो सके कि तलवार से ज्यादा शक्ति कलम की होती है। यह भी कहा कि 1960 में बना यूपी सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड पर काशी विश्वनाथ मंदिर एक्ट 1983 प्रभावी है क्योंकि यह राष्ट्रपति से अनुमोदित है।

### 18 को राखी सिंह की तरफ से अधिवक्ता करेंगे बहस

मामले में वादी नंबर दो से पांच तक की तरफ से अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णुशंकर जैन ने बहस पूरी कर ली। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 18 जुलाई नियत की है। उस दिन वादी राखी सिंह की तरफ से अधिवक्ता मानबहादुर सिंह, शिवम गौड़ और अनुपम द्विवेदी बहस जारी रखेंगे। अदालत में सुनवाई के दौरान डीजीसी सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय, डीजीसी फौजदारी आलोक चन्द शुक्ल, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता अभयनाथ यादव, रईस अहमद, वादी पक्ष के लोग और उनके अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी, सुभाष नन्दन चतुर्वेदी, पंकज कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## गुजरात में भारी बारिश ने मचाई तबाही, नवसारी में एक ही दिन में 811 लोगों को किया गया रेस्क्यू



दक्षिण गुजरात और सौराष्ट्र क्षेत्र के कई इलाकों में शुक्रवार को भी भारी बारिश जारी रही। रिलीफ कमिश्नर पी. ??स्वरूप ने शुक्रवार को बताया कि गुजरात के नवसारी जिले में एक ही दिन में कम से कम 811 लोगों को बचाया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है मूसलाधार बारिश और पूर्णा नदी में बढ़ते जलस्तर से नवसारी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। महाराष्ट्र में बांधों के ओवरफ्लो होने से पूर्णा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिला प्रशासन की टीम ने पिछली रात से आज सुबह साढ़े पांच बजे तक काम किया और फंसे हुए सभी लोगों को बचाया।मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्य की मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान बताया कि नवसारी के कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार नवसारी में एक दिन में कुल 811 लोगों को बचाया गया है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों और प्रशासनों को भी कड़ी मेहनत करने का निर्देश दिया क्योंकि पानी अब काफी कम हो गया है और उन्हें राज्य में प्राकृतिक आपदा के कारण हुए विनाश का सर्वे करने के लिए भी कहा है। पटेल ने उन्हें नुकसान झेलने वाले लोगों को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भी कहा है। सीएम ने आगे कहा कि अब चूंकि पानी कम हो गया है, अब महामारी को फैलने से रोकने का काम प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए और राज्य भर में क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की जानी चाहिए ताकि नागरिकों को किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस बीच, मौसम विभाग ने गुजरात के दो जिलों- डांग और वलसाड में रेड अलर्ट जारी किया है। वलसाड पिछले कुछ दिनों से बाढ़ के पानी की चपेट में है। राज्य में स्थिति में सुधार होता दिख रहा है, अच्छा काम कर रही है। वलसाड जिले में दमन गंगा नदी पर बने मधुबन बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया क्योंकि यह क्षेत्र भारी वर्षा से प्रभावित है। राज्य सरकार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने गुरुवार रात राज्य नियंत्रण कक्ष के अपने दौरे के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने, सड़कों और राजमार्गों को खोलने और एनडीआरएफ द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली, जबकि नवसारी जिले में कावेरी नदी के पास गोलवड और फडवेल गांव के स्थानीय लोग कावेरी नदी के तट पर अचानक आई बाढ़ के कारण फंस गए थे, अहमदाबाद के कई हिस्सों में जलभराव का सामना करना पड़ा क्योंकि शहर में लगातार बारिश हो रही थी। अहमदाबाद के वेजलपुर और श्रीनंद नगर में जलभराव हो गया। गुजरात में भारी बारिश के बाद बाढ़ की स्थिति के बीच, राज्य भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बारिश से प्रभावित राज्य में स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। पाटिल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा था, %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह गुजरात के हालात पर लगातार नजर रख रहे हैं, और कहा कि अनुरोध पर अमित शाह ने वायुसेना के दो दुकानदारों और एनडीआरएफ की टीम की व्यवस्था की है जो शुक्रवार सुबह से राज्य में बचाव अभियान शुरू करेगी। पाटिल ने कहा कि अत्यधिक बारिश के बाद गुजरात के हालात पर पीएम मोदी लगातार नजर रख रहे हैं और स्थिति से निपटने के लिए टेलीफोन पर निर्देश भी दिए हैं। गुजरात के कई इलाकों में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने जनजीवन ठप कर दिया है। निचले इलाकों के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है, वहीं जलजमाव के कारण घर में फंसे लोगों को राहत सामग्री मुहैया कराई गई है।

# एक जनपद एक उत्पाद योजना की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) योजनान्तर्गत जनपद श्रावस्ती हेतु चयनित अतिरिक्त उत्पाद फर्नीचर पर मंडल वरिष्ठ सलाहकार द्वारा डायग्नोस्टिक स्टडी रिपोर्ट (डी0एस0आर0) पर विचार विमर्श एवं शासन को अग्रेतर कार्यवाही प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त उद्योग द्वारा डी0एस0आर0 को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा वरिष्ठ सलाहकार द्वारा टी0एम0आर0 प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि उत्पादों के बेहतर विपणन के अवसरों में वृद्धि तथा राष्ट्रीय और वैश्विक ब्रांडिंग के लिए व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों इत्यादि में प्रतिभाग के



अतिरिक्त ऑनलाइन मीडिया/ई.कामर्स वेबसाइट्स तथा सोशल मीडिया इत्यादि का सहयोग बी02बी0 मारकेटिंग के लिए प्राप्त किया जाना चाहिए। प्रारम्भिक स्टेज में कारीगरों की क्षमता निर्माण और उद्यमिता विकास अति आवश्यक है ताकि वह अच्छी गुणवत्ता के उत्पादों को तैयार कर सके। नेटवर्क निर्माण तथा क्लस्टर लेवल संगठनों को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिये। कारीगरों के लिए सी0एफ0सी0 की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रौद्योगिकी उन्नयन और आधुनिकीकरण पर बल दिया जाए। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र एम0एस0एम0ई0, डी0आई0, डी0सी0 हेन्डीकाफ्ट, यू0पी0 एफ0सी0 इत्यादि से प्रोडक्ट के बेहतर डिजाइन हेतु सहयोग प्रदान किया जाए। समय समय पर गुणवत्ता वृद्धि के लिए जिले के ओ0डी0ओ0पी0 उद्यमियों की जानकारी बढ़ाने हेतु एक्सपोजर विजिट कराये जाएं।उन्होने यह भी निर्देश दिया कि उत्पादन के बेहतर प्रबंधन, कच्चे माल की आपूर्ति के लिए कच्चामाल संग्रह बैंक कॉमन फैसिलिटेशन सेण्टर के अन्तर्गत स्थापित किया जाना चाहिये। जिससे कच्चेमाल की आपूर्ति में आने वाले ब्यय में कमी होगी। इस्तेमाल हो रही पराम्परागत शारीरिक रूप से संचालित मशीनों के स्थान पर उन्नत उपकरण इस्तेमाल होने चाहिए जो समय और ऊर्जा दोनो के व्यय को नियंत्रित करेगी और कम समय में अधिक उत्पादन गुणवत्ता वाला समान उत्पादित करने में सहायक होगी।

# थाना अकराबाद क्षेत्र के सीहोर बंबा के निकट मोटरसाइकिल व इको में आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत मामा भांजे गंभीर रूप से घायल



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- पूरा मामला थाना अकराबाद क्षेत्र के सीहोर बंबा के निकट मथुरा से बुक ले कर आए इको कार सवार सीहोर बंबा सीएनजी पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने जा रहा था रॉन्ग साइड मैं आने के कारण मोटरसाइकिल सवार शैलेंद्र कुमार पुत्र भोजराज कुशवाह निवासी अधौन गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को तड़पता देख राहगीर इकट्ठे हो गए राहगीरों के द्वारा पुलिस को सूचना की गई मौके पर आधा घंटे बाद नहीं पहुंची पनैठी राहगीरों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल के लिए भेजा गंभीर हालत देख जिला अस्पताल से मेडिकल के लिए रेफर कर दिया पुलिस जांच में जुटी

www.knlslive.com

# जिला समाज कल्याण अधिकारी का स्थानान्तरण, दी भावभीन विदाई

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-जिले के समाज कल्याण विभाग के मुखिया निवर्तमान जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन को शासन द्वारा स्थानांतरण कर जिला समाज कल्याण अधिकारी अम्बेडकर नगर किया गया है, निवर्तमान जिला समाज कल्याण अधिकारी के स्थानांतरण होने के अवसर पर आई0टी0आई0 में स्थापित अभ्युदय योजना के क्लासेस एवं कार्यालय जिला समाज कल्याण में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने कहा कि किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की पहचान उनके व्यक्तित्व एवं कर्तव्यनिष्ठा से ही जानी जाती है। निवर्तमान जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रतिभा के धनी व मधुर और सरल स्वभाव के लिए जाने जाते थे। वे धैर्यवान अधिकारी के साथ-साथ लोगों के समस्याओं को सुनकर उस पर निर्णय लेने की क्षमता बहुत ही बेहतर थी। छात्र-छात्रायें एवं वृद्धजन जब कभी अपनी समस्याओं को लेकर मिलते थे तो वे उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर तत्काल निराकरण भी कराते थे और गरीब छात्र-छात्राओं की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे तथा उन्हे सही मार्गदर्शन देते थे। इस जनपद के विकास कार्यो में उनका अमूल्य योगदान रहा है। चुनाव के दौरान उन्होने अपने कर्तव्यों का निर्वहन बेहतर ढंग से किया है। जनपद में अभ्युदय योजना की क्लासेस की शुरूआत करने में उनका विशेष योगदान रहा है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने निवर्तमान जिला समाज कल्याण अधिकारी के कार्य व्यवहार की प्रशंसा करते हुए ने कहा कि एक अच्छे व्यक्तित्व, नम्र स्वभाव व सज्जनता इनके अन्दर कूट कूट के भरी थी उनका साहित्य क्षेत्र में भी अच्छी पकड़ है और जो भी दायित्व इन्हे सौंपा गया, उसका बाखूबी ढंग से निर्वहन किया। ये अपने कार्य व्यवहार के कारण जिले के माडल अधिकारी थे। इनके व्यक्तित्व को अगर सभी अधिकारी/कर्मचारी 50 प्रतिशत ही अमल कर लें तो निश्चित ही उनकी भी कर्मठ अधिकारी के रूप में पहचान बनेगी क्योंकि बेहतर कार्य से ही कोई भी अधिकारी/कर्मचारी अपने उच्च अधिकारियों से सम्मान पा सकेगा।अपने सम्मान समारोह में निवर्तमान जिला समाज कल्याण अधिकारी राकेश रमन ने संस्मरणों को साझा करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने संसाधनो से सन्तुष्ट रहना चाहिए, और आज्ञापालन, श्रम व संतुष्टि से ही व्यक्ति विकास के रास्ते पर प्रगति कर सकता है। उन्होने कई उदाहरणो द्वारा यह बताया कि हमें दूसरों को देखकर खुश रहने की आदत डालनी चाहिए। सुविधाएं व्यक्ति को उसकी जिंदगी में धीरे-धीरे मिलती हैं।


दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com


# स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी फर्जी हॉस्पिटलों के खिलाफ शिकायत के बावजूद भी कार्यवाही नहीं करते-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है क्या जितने भी जीटी रोड धनीपुर पर निजी हॉस्पिटल फर्जी चल रहे हैं जिनकी कोई मान्यता नहीं यह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे हैं उन्होंने ये भी कहा है कि इन निजी हॉस्पिटलों में क्षेत्र के किसानों के परिवारों के मरीज भर्ती होते हैं भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इन हॉस्पिटलों में अयोग्य डॉक्टरों की कंपाउंड दरों की भर्ती है जो इलाज के दौरान मरीजों की जान ले लेते हैं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत की जाती है मौके पर पहुंचते हैं और घूस ले कर के लौट कर चले आते हैं यह स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत है भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह यह भी कहा है कि निजी फर्जी हॉस्पिटलों में 10 क्लास एवं 12 पास 5 पास काम करते हैं और लड़कियां भी काम करती हैं बदमाश गिरी होती है और मरीजों का इलाज एवं ऑपरेशन जानबूझकर लापरवाही से किए जाते हैं और इनकी मौत हो जाती है उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव को लिस्ट बनाकर के भेजी जाएगी और इन हॉस्पिटलों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी

# वन धरा के है आभूषण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''वन महोत्सव'' कार्यक्रम के तहत माननीय केंद्रीय मंत्री, सांख्यिकी कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं योजना मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार श्री राव इंद्रजीत सिंह, अध्यक्ष अवध क्षेत्र शेष नरायण मिश्र, अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं सदस्य विधान परिषद प्रज्ञा त्रिपाठी ने भिनगा स्थित भा0ज0पा0 कार्यालय परिसर में



पौधरोपण कर लोगों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि मानव जीवन को सुखी, समृद्ध व संतुलित बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास हैं। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से अनेकों पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। वहीं पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसका असर पृथ्वी के प्रत्येक प्राणी पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 के तहत प्रधानाचार्यो, ग्राम प्रधान एवं शिक्षकों को किया सम्मानित



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज कलेक्टेऊट सभागार में स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021-22 के अन्तर्गत जनपद के ओवर आल कैटेगिरी में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के कुल 8 विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को जिला स्तरीय आवार्ड से सम्मानित किया तथा सब कैटेगिरी में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के कुल 27 विद्यालयों से संबंधित ग्राम प्रधानों व शिक्षकों को आपरेशन कायाकल्प को विद्यालयों को 19 पैरामीटर पर संपर्क करने में सराहनीय योगदान प्रदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि निश्चित रुप से यह हमारे जनपद के लिए गौवर की बात है। विद्यालय न केवल शैक्षणिक केन्द्र बनें बल्कि बच्चों अच्छी भावनाओं एवं संस्कारों को विकसित करते हुए साफ-सफाई पर ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ टीचर अपनी कुछ ऐसी छाप छोड जाते हैं जिन्हें विद्यार्थी जीवन भर याद रखता है दिल दिमाग का बैलेंस ठीक बना रहेगा तो बेहतर परिणाम सामने आयेंगे। विद्यार्थियों को ऐसा वृक्ष बनाये जिसकी शाखायें दूर-दूर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के ज्ञान को अपने तक ही सीमित न रखें बल्कि एक दीपक से दूसरा दीपक जलते रहना चाहिए। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि विद्यालय बेहतर रहेंगे तो बच्चें भी कामयाब होंगे और आपको भी गर्व होगा। विद्यालय को ठीक रखने में आपका महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जिला परियोजना निदेशक ने बताया कि स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार की संस्थापना मानव संसाधन विकास मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा विद्यालयों में पेयजल एवं स्वच्छता कार्यक्रम के प्रयासों में उत्कृष्टता को मान्यता देने प्रेरित करने और पुरस्कृत करने के उद्देश्य से 2016-17 में की गयी थी। पुरस्कारों का स्पष्ट उद्देश्य उन विद्यालयों का सम्मान करना जिन्हें स्वच्छ विद्यालय अभियान के सभी मुख्य लक्ष्यों को पूर्ण करने दशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। जनपद मुरादाबाद में कुल 4388 विद्यालयों के 1601 विद्यालय द्वारा फाइनल सबमिशन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, अधिशासी अभियन्ता आरईएस सहित ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहें।

# हमारे हजरत ख्वाजा सूफी वसी अहमद उर्फ मुन्ने मियां मुरादाबादी का सालाना उर्स संपन्न हुआ



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- हर साल की तरह इस साल भी हजरत वसी अहमद उर्फ मुन्ने मियां मुरादाबादी के उर्स में अकीदत मंद आते रहे नजरों नियाज होती रही अकीदत मन मुरादे मांगते रहे प्रोग्राम का आगाज सुबह बाद नमाज ए फजर कुरान खानी से किया गया उसके बाद आम चादर सरकार के आस्ताने पर पेश की गई बाद में सज्जादा नशीन सूफी वसीम अहमद कादरी ने अपने पीर रे मुर्शिद कि जिंदगी पर रोशनी डालते हुए बताया कि आपने अपनी पूरी जिंदगी सादगी के साथ गुजारी हमेशा भाईचारे का संदेश दिया यही वजह है कि आपके मुरि दों में हिंदुओं की तादाद भी बहुत है और मुस्लिम भी बहुत आपके पास आते थे और मन की मुरादे पाते थे यही वजह है कि आज आप के आस्ताने पर जो भी आता है कभी खाली नहीं जाता कुल की रस्म की गई कुल शरीफ की रस्म के बाद मुल्क और मिल्लत के लिए दुआ की गई रस्म केइस मुताबिक रंग भी पढ़ा गया मौके पर प्रोग्राम सज्जादा नशीन ने दुआ करते हुए फरमाया के अल्लाह हमारे मुल्क को तरक्की अता और हर बीमारी से महफूज फरमा दे इस मौके पर सज्जादा नशीन सूफी वसीम अहमद कादरी सूफी अब्दुल्ला सूफी मोहम्मद अहमद सूफी राशिद हुसैन शाम चोपड़ा नीरज चोपड़ा टीटू ज्ञानेंद्र मोहम्मद नाजिम साजिद अंसारी आज हीजी नीरज चोपड़ा जुबेर आदि लोग मौजूद रहे

# भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ के रक्तदान शिविर में लोगो ने किया रक्तदान



एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- माननीय राष्ट्रीय महासचिव श्री सर्वेश पाठक जी, भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंग भारतीय जनता पार्टी प्रणित के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी-प्रणित उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष श्री राकेश शर्मा जी के नेतृत्व में जिला अस्पताल की टीम के माध्यम से सेक्टर 13 अशोका सुपर बाजार, थाना मझोला नया मुरादाबाद में आयोजित किया गया जिसमें भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ भारतीय जनता पार्टी प्रणित के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बढ-चढकर प्रतिभाग किया साथ अशोका सुपर बाजार के मालिक श्री दीपक गुप्ता की पत्नी श्रीमती रोली गुप्ता जी ने भी रक्तदान किया व इनके कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष श्री राकेश शर्मा जी के आवाहन पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण मुरादाबाद के उपाध्यक्ष द्वारा भी अपना सहयोग प्रदान कर अपने कर्मचारियों के माध्यम से उक्त रक्तदान शिविर में रक्तदान कराया। अध्यक्ष श्री राकेश कुमार द्वारा शिविर का शुभारंभ करते हुये सभी लोगों से जीवन में रक्तदान करने की अपील की और कहा कि रक्तदान जीवनदान है जिससे मानव जीवन को बचाया जा सकता है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उक्त रक्तदान शिविर मुख्य रूप से राजीव पाठक महानगर अध्यक्ष, नरेश राज शर्मा जिला संरक्षक, रवि आलूवालिया व श्रीमती दीपा जिला उपाध्यक्ष, सुशील जिलामंत्री, धर्मेन्द्र जिला उपाध्यक्ष, नन्द किशोर जिला उपाध्यक्ष, संजय सिंह असिस्टेन्ट प्रोफेसर आई0एफ0टी0एम0 यूनिवर्सिटी, कोविड कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में कार्यरत विवेक भण्डारी, संजय सिंह, राकेश शर्मा, अंशुल सक्सेना, चंचल भटनागर, विकास अग्रवाल, रोली अग्रवाल, अनुज महरोत्रा, सजल जैन, पूजा राजपूत, सुखदेव सिंह, अमित, दीपा आदि जागरूक व सम्मानित व्यक्तियों द्वारा रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जिला अस्पताल की टीम जिसमें डा0 राजेन्द्र सैनी, अल्का मोहन, साधना भटनागर, अशोक कुमार, सुभाष सिंह, मौ0 नईम, अचिन कुमार, सचिन कश्यप का विशेष योगदान है।

# भोजपुर में कबाड़ के गोदाम में लगी आग, हड़कंप



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-शुक्रवार की सुबह आठ बजे नगर के मोहल्ला बगिया वाला निवासी दानिश का रेलवे स्टेशन की तरफ पुराने प्लास्टिक का गोदाम है। अचानक गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दूर तक आग की लपटें उठने लगी। आसपास के पड़ोसियों ने बमुश्किल नगर टैंको से आग पर काबू पाया। करीब दो घंटे आग पर काबू पाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन इस दौरान गोदाम मालिक का दो लाख से अधिक रुपए का माल जलकर राख हो गया था। लोगों का कहना है कि पड़ोस के ही एक खेत स्वामी ने यूकेलिप्टस के पेड़ों के पत्तों को इकट्ठा करके उसमें आग लगा दी थी। इससे आग की लपटें कबाड़ के गोदाम तक पहुंच गई। गोदाम संचालक ने तहरीर भोजपुर पुलिस को दी है। पुलिस ने मौका मुआयना करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Now electric highway

In India, there has been a tremendous revolution in road transport in the last decade. In this episode, the plan of electric highway has also been added. Union Minister Nitin Gadkari has said that the government is planning to build an electric highway between Delhi and Mumbai. Electricity will be available directly to vehicles on this highway. There is no need to stop anywhere to charge an electric vehicle. You can also drive a trolley truck like a trolley bus on this special highway. A trolley bus is an electric bus that draws electricity from wires passing over it. Actually, the biggest problem with electric vehicles is charging. Vehicles have to be stopped at certain intervals, due to which money as well as time are spent.

Therefore, those who have got used to petrol and diesel vehicles, they have great convenience. They refuel at the desired place and continue the journey continuously. Electric highway will also be built so that there is no obstacle in the speed of vehicles. This arrangement will be like a railway engine running on electricity. However, special types of electric vehicles will be required on this highway, which will continue to run on electricity. The existing electric vehicles will also have to make changes according to this highway. In the current situation, electric vehicle charging facility is being provided everywhere. Efforts are being made to make Delhi-Jaipur and Yamuna Expressway electric vehicles friendly and to some extent successful in this. Yet e-charging stations are not enough yet. Electric vehicle owners now have to wait or wait. By the way, Nitin Gadkari has not yet fully clarified the plan, but the information he has given should be welcome. If the facility for electric vehicles will increase in the country, then green energy will be promoted, which will also reduce pollution. However, despite the enthusiasm, electric vehicles have a long way to go.

Complaints are also coming about them, and their weaknesses are also being exposed. The country is waiting for the rapid expansion of the facilities related to electric vehicles. When such vehicles become readily available and affordable, people will also be attracted towards them.“Perhaps a time will come, when all the main roads of the country will have an electric vehicle friendly infrastructure. All the existing highways or expressways will be converted into electric highways. Nitin Gadkari's role in highway development is commendable. He is not only engaged in the improvement of highways, but is also striving to reduce pollution. Addressing an event organized by the Hydraulic Trailer Owners Association, he said that the government is constructing tunnels worth Rs 2.5 lakh crore. It has been decided to connect all the districts with four-lane roads. He acknowledged that the heavy vehicle owners were facing problems due to corruption in the Regional Transport Offices (RTOs) of the state. Therefore, all the services of RTO will also have to be digitised. Overall, the transport sector in the country is undergoing rapid changes, which will give impetus to the country's progress.

## Rakhi Sawant is feeling scared, said- 'Modi ji will have to give all the money of India to Sri Lanka to get me free...'



Rakhi Sawant, popularly known as the drama queen, is always in the discussion about her statements. These days Sri Lanka is facing economic crisis and in the meantime a video of Rakhi Sawant has surfaced. In the video, Rakhi Sawant is telling herself scared and in her talk is also referring to the Prime Minister of the country, Narendra Modi. This video of Rakhi Sawant is becoming increasingly viral and the actress is getting trolled once again. He grabbed me and asked for something from Modi ji... - Viral Bhiyani has shared a video on social media, in the caption of which is written - 'Rakhi Sawant has been called to Colombo for an event, but the situation in Sri Lanka Looking at them, they are confused. See what Rakhi said on this. In the video, Rakhi says, 'Economy war is going on, they caught me and asked for something from Modi ji..., we have kept your Rakhi here. Brother, I am feeling very scared, do you understand? We will not leave Rakhi and told Modi ji to give so much money. so what will i do? Modi ji will then have to give all the money of India to Sri Lanka to free me again, Modi ji can do anything for me. Like it is said that Hindustan is the bird of gold, I am the diamond of Kohinoor of India. Rakhi Sawant is getting trolled- Rakhi Sawant is once again getting trolled a lot for her absurd statement. In the comment section of the video, a social media user has used abusive words for Rakhi Sawant, while someone has called Rakhi mentally ill. Some social media users have also accused the paparazzi of spotting Rakhi Sawant. Let us tell you that this is not the first time that Rakhi Sawant is getting trolled. Rakhi is often a troll. Sri Lanka is battling economic crisis- Significantly, Sri Lanka, a country with a population of 22 million, is facing the worst economic crisis in the last seven decades, due to which people are struggling to buy food, medicine, fuel and other essential items. are. Prime Minister Wickremesinghe said last week that Sri Lanka was now bankrupt. Let us inform that MP Harsha de Silva informed on Thursday that the name of the successor of Sri Lankan Prime Minister Ranil Wickremesinghe will be announced on Friday. Many photos and videos related to Sri Lanka are becoming viral on social media.

## Riya Chakraborty was spotted outside the gym, users said - 'Abhi toh to grind mill in jail'



After the death of Sushant Singh Rajput, Riya Chakraborty has been a constant target of users on social media. Be it her new post or she has been spotted somewhere, users start trolling her. After Sushant said goodbye to the world, Riya also stayed away from public life for a long time. Slowly she appeared to be returning to her normal life. On the same day, the Narcotics Control Bureau claimed that Riya had bought ganja several times and gave it to Sushant. On Thursday, Riya was spotted outside the gym. As soon as her video surfaced, users once again started telling her the truth, how is the look - Riya came out of the gym and posed in front of the paparazzi. During this, he was wearing a white T-shirt over a black sports bra. Also matching black tights. After clicking the photos, Riya moves towards her car when a paparazzi wants to know her comment but she sits straight in her car. Users started trolling - A user commented on the video, 'Boycott Riya Chakraborty.' Jail has to grind mill.' One user writes, 'Very soon instead of gym will go to jail.' Another said, 'Saw 2 days ago that NCB had accused him. Today she is happily seen in the gym. What happened?' One commented, 'Riya, do you have drugs in your toothpaste.' Fans came in support - where some people were trolling Riya and some also supported her. One said, 'Stand strong. Pure Soul.' One user commented, 'I think he has endured a lot. She should be left in his life.' One netizen wrote, 'Poor life is ruined.

# अब 18 साल से अधिक उम्र वालों को भी मुफ्त लगेगी एहतियाती डोज- सीएमओ

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिले में अब 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी निशुल्क एहतियाती डोज लगायी जाएगी । शुक्रवार को जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने टीकाकरण केंद्र नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंडी समिति एटा पर फीता काटकर इस अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी पात्र लाभार्थी शीघ्र कोविड टीके की एहतियाती डोज अवश्य लगवा लें। इससे वह कोरोना से सुरक्षित बन सकेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले में लगातार कोविड टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 जुलाई से निशुल्क प्रीकॉशनरी डोज लगाने के अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के समस्त नागरिकों को कोविड टीका की एहतियाती डोज निशुल्क लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के लक्षित सभी लोगों को कोविड टीका की दोनों डोज लगा दी है। जिले में करीब 6.80 लाख लोगों को एहतियाती डोज लगनी है। इसके लिए विभाग द्वारा लाभार्थियों को एहतियाती डोज लगवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राम सिंह ने बताया कि टीका लगने के बाद शरीर में पर्याप्त मात्रा में एंटीबॉडीज बनने लगती हैं जो कि एक निश्चित समय के लिए बनती है। ऐसे में एक निश्चित अवधि के बाद एहतियाती डोज लगवाना भी बेहद आवश्यक है, जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहे। एहतियाती डोज उन्हीं को लगायी जा रही है, जिनको दूसरी डोज लगवाये छह महीने पूरे हो गए हैं 7 इसके साथ ही जिन लोगों को कोवैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक दी गई थी, उन्हें एहतियाती खुराक के तौर पर कोवैक्सीन की डोज ही लेना होगा। इसी प्रकार जिन्हें कोवि शील्ड की पहली और दूसरी खुराक मिल चुकी है, उन्हें एहतियाती खुराक में भी कोवि शील्ड का टीका ही लगाया जाएगा।

# अवैध रूप से चल रहे हॉस्पीटलों पर फिर चला स्वास्थ्य विभाग का चाबुक , थमाऐ नोटिस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- जिले में राजनैतिक संरक्षण के चलते फर्जी नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटलों की बाढ सी आयी हुई है ! झोलाछाप द्वारा संचालित अवैध क्लीनिकों की तो भरमार है , शहर के गली मुहल्लें से लेकर ग्रामीण अचंल में अमर बेल की भांति स्वास्थ्य रक्षा केन्द्र खोलकर मरीजों की जेब पर डाका डालने का कार्य तेजी से पौंढ रहा है ! सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ अवैध चिकित्सा व्यवसाय के नोडल डा.सर्वेश कुमार विभाग की एक खटारा गाडी जिसका नम्बर झोलाछाप चिकित्सकों को जुबानी रट गया है उससे झौलाछाप की जब भी खैर खबर लेने का प्रयास करते है तो अधिकांश झोलाछा अपने स्वास्थ्य क्लीनिकों के शटर डालकर रफू चक्कर हो लेते है ! ऐसा ही वाकया विगत दिवस शहर के पीपल अड्डा तिराहा एवं वाहनपुर पर देखने को मिला ! डा. सर्वेश कुमार ने पीपल अड्डा तिराहे पर बेखौफ तरीके से पिछले कई महीनों से खुलेआम संचालित न्यू जीवन मेडिकेयर पर छापा मारा तो उक्त हॉस्पीटल पंजीकरण संबंधी कोई अभिलेख न दिखा सका कि इतने में ही पीपल अड्डा पर अन्य झोलाछाप किनारा कर लिऐ ! तत्पश्चात डा. सर्वेश कुमार अपनी खटारा एक्सप्रेस को लेकर वाहनपुर पहुंचे तो वहां प्रकाश मेडीकेयर पर चैकिगं के दौरान तमाम मरीजों का ऐलोपैथिक दवाओं से उपचार होना पाया जहां स्वास्थ्य विभाग की टीम नें नोटिस थमाकर जबाब मांगा है

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस 16 जुलाई को



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल अलीगंज तहसील में करेंगे जनसुनवाई जनता की समस्याओं, शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के उद्देश्य से जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 16 जुलाई शनिवार को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किया जाएगा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल अलीगंज तहसील में, एडीएम वित्त एवं राजस्व सुनील कुमार सिंह जलेसर तहसील में, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार एटा सदर तहसील में जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनेंगे। समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण तहसील अलीगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करेंगे।

# शासन की मंशानुसार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासन हुआ सख्त

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलक्ट्रेट पर कन्ट्रोलरूम किया गया स्थापित शासन की मंशानुसार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर जिला प्रशासत सख्त हुआ है। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार ने सूचित किया है कि 14 जुलाई से प्रारंभ हुए श्रावण मास में पड़ने वाले त्योहारों को दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु कलक्ट्रेट में कन्ट्रोलरूम की स्थापना की गई है। अपर जिलाधिकारी ने कन्ट्रोलरूम में रविवार 17 जुलाई, सोमवार 18 जुलाई से 12 अगस्त तक पड़ने वाले प्रत्येक रविवार, सोमवार की रात्रि में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। एडीएम के आदेशानुसार नवीन कुमार कनिष्ठ सहायक अधिशासी अभियंता सिंचाई कार्यालय को प्रत्येक रविवार की सांय 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक, गजेन्द्र सिंह विपणन सहायक जिला खाद्य विपणन कार्यालय को प्रत्येक रविवार की सांय 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक, रतेन्द्र प्रधान सहायक जिला कृषि रक्षा इकाई कार्यालय को प्रत्येक सोमवार को सांय 8 बजे प्रातः 8 बजे तक एवं अनुराग सिंह कनिष्ठ सहायक सीवीओ कार्यालय को प्रत्येक सोमवार की सांय 8 बजे से प्रातः 8 बजे तक के लिए तैनात किया है। एडीएम प्रशासन के आदेशानुसार बांके बिहारी वरिष्ठ सहायक सेवायोजन कार्यालय को प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक एवं नीलेन्द्र प्रतापसिंह कनिष्ठ सहायक उपायुक्त उद्योग कार्यालय को दोपहर 2 बजे से सांय 8 बजे तक के लिए तैनात किया है। संबंधित कर्मचारीगण अपने ड्यूटीस्थल पर समय से उपस्थित रहकर सौंपे दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। किसी भी प्रकार की कोताही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कांग्रेस कार्यालय पर नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बैठक संपन्न हुई




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बैठक को संबोधित करते हुए एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा एटा जिला के सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत एवं सभासद पद पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आवेदन मांगे गए हैं जिससे समय रहते हुए कांग्रेस पार्टी जल्द से जल्द अपने प्रत्याशी घोषित करें और चुनाव जीता जाए कांग्रेस पार्टी नगरीय निकाय चुनाव 2024 के लोकसभा को देखते हुए पूरी ताकत के साथ लड़ेगी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं संगठन के उपाध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी ने कहा कांग्रेस पार्टी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर गंभीर है जो भी कांग्रेसका कार्यकर्ता चुनाव लड़ना चाहता है वह आवेदन जरूर करें एटा नगर पालिका परिषद के लिए आवेदन करने वालों के नाम सरिता देवी महिला जिला अध्यक्ष रियाज अब्बास शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेश कमेटी एटा श्रीमती सीमा गुप्ता श्रीमती सोनम गुप्ता नैना शर्मा जिला उपाध्यक्ष भोला गुप्ता संगठन उपाध्यक्ष एटा शहर कांग्रेश जलेसर नगर पालिका परिषद के लिए आवेदन विनय गोयल अलीगंज नगर पालिका परिषद के लिए आवेदन करने वाले के नाम डॉक्टर योगेंद्र यादव वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोटे मियां पूर्व सभासद कांग्रेश राजा का रामपुर नगर पंचायत से सुशील वर्मा एटा नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले सभासद पद के लिए नाम वार्ड नंबर 6 महारेरा दरवाजा संदीप वाल्मीकि वार्ड नंबर 16 नई बस्ती से प्रमोद बंटी वार्ड नंबर 5 से पटियाली गेट रोहित राणा वार्ड नंबर 25 से मोहम्मद सेफ अली अब्बास बैठक में अमित बाबू गुप्ता चंदन कांत गांधी संदीप बाल्मीकि मोहम्मद सैफ अली अब्बास मोहम्मद तसव्वर जयकुमार विकास राठौर रोहित राणा प्रमोद बंटी आदि लोग उपस्थित थे

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# नशे के अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही में शिथिलता बर्दाश्त नहीं- पुलिस अधीक्षक

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- जिले के थाना-चौकी के कार्यों में कसावट लाने, आमजनता को राहत दिलाने संवेदनशीलता के साथ कार्य कराने, लंबित अपराध व मर्ग का निराकरण तेजी से कराने, थानों में पदस्थ अधिकारी व जवानों से पूर्ण क्षमता के साथ कार्य कराने का लेकर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने साफ-सुथरी पुलिसिंग करने पर जोर देते हुए अनसुलझे अपराधों एवं फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कराने एवं कार्य में लापरवाहों पर सख्त कार्यवाही कराने एवं जन चौपाल के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में सख्त लहजे में कहा कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी, अवैध कार्यों की सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही कराई जाए। लंबित अपराधों एवं शिकायत की समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण कराने पुलिस राजपत्रित अधिकारियों को कहा। महिला व बच्चों संबंधी शिकायत व रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करने इसमें लापरवाही नहीं बरतने, नशे एवं अवैध कारोबार पर सख्ती से कार्यवाही कराने, थानों में लंबित चिटफंड कंपनियों के खिलाफ दर्ज अपराध की समीक्षा कर निराकरण करने, क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाने सूचना तंत्र मजबूत करने, गांवों में जन चौपाल लगाकर आमजनता की समस्या-शिकायतों का निराकरण कर महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराने, अपराधों को रोकने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कराने, रात की गस्त एवं पेट्रोलिंग बढ़ाने, नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने, अलग-अलग स्थान व समय पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही करने एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का निगरानी व गुण्डा हिस्ट्रीशीट खुलवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एएसपी ए.के.जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी सूरजपुर गीता वाधवानी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, निरीक्षक धर्मानंद शुक्ला, जावेद मियादाद मौजूद रहे।

# पुलिस जन चौपाल में छत्तीसगढ़ शासन के कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, नागरिकों की समस्या-शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने तथा छत्तीसगढ़ शासन के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारियों से ग्रामीणों को अवगत कराने ग्रामों तथा साप्ताहिक बाजार में जन चौपाल लगाने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन में गुरूवार, 14 जुलाई को चौकी तारा पुलिस के द्वारा ग्राम तारा में पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी ने छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, पौनी पसारी योजना, छत्तीसगढ़ सार्वभौम पीडीएस, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, प्राकृतिक आपदा क्षतिपूर्ति योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से योजना से जुड़े लाभ के बारे में चर्चा किया। नशे के विरूद्ध सूरजपुर पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में नशे के धंधे में लिप्त लोगों की सूचना देने की अपील किया। इसी क्रम में नशा न करने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में अवगत कराया। चौकी प्रभारी तारा उमेश सिंह ने ग्रामीणों को जमीन संबंधी विवाद न करते हुए विधि अनुसार निराकरण कराने, कानून के बारे में की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने, चिटफंड के झांसे में न आने, किसी प्रकार लालच या प्रलोभन में न फंसने की समझाईश दिया। ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की। गांव की गतिविधियों के बारे में जानकारी देने तथा सूचना तंत्र को और मजबूत करने को लेकर चर्चा कर सुझाव लिए गए। अवैध गतिविधियों की सूचना अथवा परेशानी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के संवाद नंबर 7999161672 पर देने ग्रामीणों से अपील किया। इस दौरान एएसआई लालचंद कुजूर, ग्राम तारा सरपंच सदन भगत, सरपंच जर्नादनपुर अजय सिंह, फिरोज खान, डेविड लकड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# शिक्षा विभाग द्वारा अब तक 60 को स्पष्टीकरण, 7 को अवैतनिक तथा 5 का रोका गया वेतन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सूरजपुर भेंट मुलाकात भ्रमण के दौरान विकासखण्ड रामानुजनगर के ग्राम सुमेरपुर में स्कूली बच्चों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से कहा था कि हमारे स्कूल में शिक्षक नहीं आते है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने जिला शिक्षा अधिकारी को विशेष निर्देश देते हुए कहा है कि जिले के सभी स्कूलों में शिक्षक समय पर उपस्थित होकर ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। कोरोना काल के दौरान बच्चों की पढ़ाई बहुत प्रभावित हुआ था। अभी कोरोना से राहत है तो ऐसे समय में बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही बरदास्त नहीं की जाएगी। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विनोद कुमार राय शिक्षकों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। 15 जुलाई 2022 को विकासखण्ड प्रतापपुर अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मुन्नू सिंह धुर्वे द्वारा स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में श्री महेन्द्र प्रसाद मराबी, प्रभारी प्रधान पाठक, प्रा0 शा0 खजुरी, श्री प्रशन्न राम पैकरा, सहायक शिक्षक (एल.बी.) प्रा0शा0 कोडाकुपारा बैकोना, श्री छत्रु सिंह सहायक शिक्षक (एल.बी.) प्रा0शा0 कोडाकुपारा बैकोना, श्री अरूण कुमार बड़ा, व्याख्याता, हाई स्कूल बैकोना, श्री प्रभुराम सहायक शिक्षका उ.मा.वि. हरिहरपुर, श्री रजनीकांत सहायक शिक्षक विज्ञान उमावि डांडकरवा, श्रीमती प्रियंका राजवाड़े, हाई स्कूल मानपुर, विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में श्री धरम सिंह सहायक शिक्षक (एल.बी.) प्रा.शा. मंठापानी, विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी श्री राजीव प्रताप सिंह परिहार द्वारा स्कूलों का निरीक्षण किया गया। उनके निरीक्षण श्री विमल कुजूर शिक्षक (एल.बी) मा0शा0 कोलपारा, विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा निम्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में श्री कुलेश्वर नेताम, सहायक शिक्षक प्रा.शा. सागरपुर अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थित पाए गए शिक्षकों को कारण बताओ पत्र जारी करते हुए जवाब मांगा गया है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर विभाग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भैयाथान, ओड़गी एवं प्रतापपुर में 1 जुलाई से प्रवेश प्रारम्भ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर ने 24 जून 2022 को आदेश जारी कर राज्य शासन द्वारा जिला सूरजपुर के अन्तर्गत शासकीय उच्चत्तमर माध्यमिक विद्यालय बतरा, विकासखण्ड भैयाथान, शासकीय उच्चत्तमर माध्यमिक विद्यालय कन्या बिहारपुर विकासखण्ड ओड़गी एवं शासकीय उच्चत्तमर माध्यमिक विद्यालय डांड़करवां विकासखण्ड प्रतापपुर का संचालन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) विद्यालय प्रबंध समिति, जिला सूरजपुर को सौंपा है। उपरोक्त सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में 01 जुलाई 2022 से प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश हेतु स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट www.cgschool.in पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com